वार्षिक रिपोर्ट
2009-10

1/15 CZA



केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण
Central Zoo Authority

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण
Central Zoo Authority

1/15 CZA

वार्षिक रिपोर्ट 2009-2010

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण
(पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार का सावंधिक निकाय)

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण
(पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार का सावंधिक निकाय)
बीकानेर हाउस, एनेक्सी VI , शॉहजहां रोड, नई दिल्ली-110011
फोन : 011-23381585, 23073072, 23073072, 23070735 (ईपीएबीएक्स)
फैक्स : + 91-11-23386012
ई-मेल : czs@nic.in वेब साइट : http://www.cza.nic.in

विषय सूची.....

विषय	पृष्ठ सं0
आमुख	1
चिड़ियाघर मान्यता नियम, 2009	3
चिड़ियाघरों का मानांकन	3
चिड़ियाघरों को मान्यता प्रदान / रद्द करना	4
संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम	4
चिड़ियाघरों द्वारा जानवरों का आदान प्रदान/स्थानांतरण	4
स्टड-बुक रखरखाव	8
चिड़ियाघरों में योजनाएं/विषय वस्तु	8
मानव संसाधन विकास	9
शोध	10-11
चिड़ियाघरों का सुधार	11-12
प्रशासनिक मामले	12-14
वित्तीय मामले	14-15
वर्ष के दौरान की गई अन्य गतिविधियां	15
अनुलग्नक - I - भारत का राजपत्र - चिड़ियाघर मान्यता नियम, 2009	16-37
अनुलग्नक - II - वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा मानांकन किए गए चिड़ियाघरों की सूची	38-41
अनुलग्नक - III - वर्ष 2009-10 के दौरान मान्यता प्राप्त चिड़ियाघर	42-45
अनुलग्नक - IV - मान्यता प्राप्त चिड़ियाघरों की सूची	46-58
अनुलग्नक - V - केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा चुने गए संकटापन्न वन्यजीव प्रजातियों की सूची जिन्हें समन्वित संरक्षण प्रजनन हेतु लिया गया है, समन्वय करने वाले चिड़ियाघर व सहभागी चिड़ियाघरों का ब्यौरा और भारत में चिड़ियाघरों में रखी गई प्रजातियों के जीवों की संख्या के साथ	59-65

अनुलग्नक - VI - संकटापन्न प्रजातियों में जन्म	66-73
अनुलग्नक -VII - केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण में तैयार एवं रखा गया स्टड-बुक	74-75
अनुलग्नक -VIII - ऐसे चिड़ियाघरों की सूची जिनका मास्टर प्लान मिल चुका है	76-80
अनुलग्नक - IX - ऐसे चिड़ियाघरों की सूची जिनका मास्टर (ले-आउट) प्लान अनुमोदित किया गया है।	81-82
अनुलग्नक -X - केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा वित्तपोषित चल रही शोध परियोजनाओं का ब्यौरा	83-86
अनुलग्नक - XI - विभिन्न चिड़ियाघरों और संबंधित संगठनों को रिलीज किए गए अनुदानों का ब्यौरा	87-93
अनुलग्नक -XII - वित्तीय विवरण	94-114
अनुलग्नक -XIII - मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक, केन्द्र सरकार (अनुपालन लेखा परीक्षा) की 2008-09 की रिपोर्ट सं0 CA 16, जो संसद में 10 जुलाई, 2009 को प्रस्तुत की गई।	115

आमुख

वर्ष 1992 में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधन 1991) में, संशोधन के द्वारा केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की स्थापना की गई, इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय चिड़ियाघरों में जानवरों के स्वास्थ्य एवं रखरखाव से संबंधित मानको एवं शर्तों को लागू करना तथा गैर योजनाबद्ध एवं कुविचारित चिड़ियाघरों की अतिवृद्धि को रोकना था जो अधिकतर पब्लिक पार्कों के साथ औद्योगिक समूहों व मार्गों के साथ पाए जाते हैं।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत एक सांविधिक निकाय है। प्राधिकरण एक 12 सदस्यीय निकाय है, जिसका मुखिया अध्यक्ष है। वर्तमान में राज्यमंत्री, पर्यावरण एवं वन (स्वतन्त्र प्रभार) केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष है। सदस्य सचिव प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी है।

प्राधिकरण को छठी बार गजट अधिसूचना संख्या एस ओ 1629 (ई) दिनांक 26.9.07 के माध्यम से तीन वर्षों के लिए पुर्नगठित किया गया व निम्न सदस्यों को इसमें नियुक्त किया गया :

1.	राज्यमंत्री, पर्यावरण एवं वन, (स्वतन्त्र प्रभार) भारत सरकार, नई दिल्ली	अध्यक्ष (पदेन)
2.	सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
3.	वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
4.	अपर वन महानिदेशक (वन्यजीव) व निदेशक, वन्यजीव परिरक्षण पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
5.	अपर सचिव व वित्तीय सलाहकार, पर्यावरण व वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य (पदेन)
6.	निदेशक, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली, उत्तर प्रदेश	सदस्य (पदेन)
7.	निदेशक, भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून, उत्तराखण्ड	सदस्य (पदेन)
8.	डॉ. एस कनैयन भूतपूर्व उपकुलाधिपति, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय कोयम्बटूर, तमिलनाडु	सदस्य

9.	डॉ. इरक के. भरुचा, निदेशक, भारती विद्यापीठ पर्यावरण शिक्षा व अनुसंधान संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र	सदस्य
10.	श्री कार्तिक सत्यनारायण, वन्यजीव एसओएस, नई दिल्ली	सदस्य
11.	डॉ. विभू प्रकाश, बोम्बे प्राकृतिक इतिहास संस्था	सदस्य
12.	सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली	सदस्य सचिव

भारत में चिड़ियाघरों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संचालित तथा राष्ट्रीय चिड़ियाघर नीति द्वारा निर्देशित किया जाता है। भारत सरकार ने केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की सहायता से चिड़ियाघर मान्यता नियम, 1992 बनाये व देश में चिड़ियाघरों के प्रबंधन के लिए मानकों व प्रतिमानों का निर्धारण किया। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण देश के चिड़ियाघरों के कामकाज को देखता है व उनके सुधार के लिए तकनीकी व अन्य सहायता प्रदान करता है।

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को सौंपे गए दायित्व :-

(क) चिड़ियाघर में रखे गए पशुओं के आवासन रखरखाव और पशु चिकित्सीय संबंधी न्यूनतम स्तर को निर्धारित करना।

(ख) निर्धारित मानकों के आधार पर चिड़ियाघर की कार्यप्रणाली का समय-समय पर मूल्यांकन व आकलन करना।

(ग) चिड़ियाघर को मान्यता देना व मान्यता रद्द करना।

(घ) नियोजित प्रजनन के लिए वन्य पशुओं की संकटापन प्रजातियों की पहचान करना और इसके लिए चिड़ियाघर को जिम्मेदारी सौंपना।

(ड.) वंशवृद्धि के उद्देश्य से संबंधित कार्यकलापों जैसे पशुओं को प्राप्त करना, अदला-बदली करना और कर्ज देने में, इत्यादि का समन्वय करना।

(च) नियोजित प्रजनन में जन्मे संकटापन्न प्रजातियों वाले वन्य पशुओं से संबंधित स्टड बुक तैयार करना।

(छ) चिड़ियाघर में पशुओं के प्रदर्शन के उद्देश्य से उनकी प्राथमिकता और विषय वस्तु की पहचान करना।

(ज) भारत में और भारत के बाहर चिड़ियाघर कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बीच समन्वय करना।

(झ) नियोजित प्रजनन से संबंधित शोध कार्यों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बीच समन्वय करना।

(ञ) चिड़ियाघर को उनके सही प्रबंध और वैज्ञानिक आधार पर विकास के लिए तकनीकी और अन्य सहायता प्रदान करना।

(ट) चिड़ियाघर के प्रसंग में वैसे तमाम कार्य और कार्यक्रम करना जो इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करते हो।

प्राधिकरण के कार्यों को चलाने हेतु, सदस्यों के दो उप वर्ग बनाये गये हैं जिनका कार्यकाल प्राधिकरण के कार्यकाल के अनुरूप ही रखा गया है जिनके नाम है प्रशासनिक समिति (प्रशासनिक व बजट संबंधी मामलों पर निर्णय लेने हेतु, जिसके मुखिया वन महानिदेशक भारत सरकार है) व तकनीकी समिति (तकनीकी मामलों पर निर्णय लेने हेतु - जिसके मुखिया अपर वन महानिदेशक (वन्यजीव) हैं)। वर्तमान चिड़ियाघरों के मास्टर प्लानों व प्रस्तावित नये चिड़ियाघरों के विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्टों पर अनुशंसा देने व विभिन्न चिड़ियाघरों द्वारा प्रस्तुत किये गये जानवरों के बाड़ों के डिजाइनों के अनुमोदन हेतु चिड़ियाघर डिजाइनिंग पर एक विशेषज्ञ वर्ग का प्राधिकरण में गठन किया गया है, जिसके सदस्य एक चिड़ियाघर डिजाइनर, एक आर्किटेक्ट व एक सिविल इंजीनियर हैं व सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण इसके संयोजक है।

माननीय पर्यावरण एवं वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री जयराम रमेश की अध्यक्षता में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की 23वीं बैठक रिपोर्ट की अवधि के दौरान 11 जुलाई, 2009 को संपन्न हुई थी। वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की प्रशासनिक समिति की कोई भी बैठक नहीं हुई थी। चिड़ियाघर डिजाइनिंग संबंधी विशेषज्ञ समूह की 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं और 13वीं बैठक क्रमशः 29 अप्रैल, 2009, 6-7 जुलाई, 2009, 4 नवम्बर, 2009, 23 दिसंबर, 2009, 12 जनवरी, 2010 तथा 23 फरवरी, 2010 को संपन्न हुई थी। वर्ष के दौरान तकनीकी समिति की तीन बार बैठक बुलाई गई। तकनीकी समिति को 51वीं, 52वीं तथा 53वीं बैठक क्रमशः 23.7.2009, 20.1.2010 और 23.3.2010 को बुलाई गई थी।

चिड़ियाघर मान्यता नियम, 2009

चिड़ियाघर मान्यता नियम, 1992 का निषेध करते हुए, पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत के राजपत्र में पंजीयन सं0 डीएल-31004/99 के साथ अधिसूचना (विशेष भाग II, खंड 3, उप खंड 1) सं0 643 दिनांक 11 नवंबर, 2009 के जरिए चिड़ियाघर मान्यता नियम, 2009 जारी किया है (अनुलग्नक-I)। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने इन नियमों को विनयामक बनाने की बजाए इसके स्वरूप को सरल बनाने का प्रयास किया था ताकि भारत में चिड़ियाघर इन्हें सही भावना से लागू कर सकें।

चिड़ियाघरों का मानांकन

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने वर्ष 2009-10 के दौरान 3 बड़े, 7 छोटे और 23 अति लघु चिड़ियाघरों और 4 पुनर्वास केन्द्रों का मानांकन किया (अनुलग्नक-II)। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की तकनीकी समिति ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय का आदेश और केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की आवश्यक मंजूरी मिलने पर मध्य प्रदेश के सतना जिले में मुकंदपुर में एक नया चिड़ियाघर बनाने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

चिड़ियाघरों को मान्यता प्रदान / रद्द करना

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने वर्ष 2009-10 के दौरान , 5 बड़े, 2 मध्यम, 10 छोटे तथा 29 अति लघु चिड़ियाघरों और 5 पुनर्वास केन्द्रों को सशर्त मान्यता दी थी (अनुलग्नक-III) । देश में मान्यता प्राप्त 198 चिड़ियाघर (सर्कस सहित) हैं (अनुलग्नक- IV)।

संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम

भारतीय चिड़ियाघरों में 72 पहचान की गई अति संकटापन्न वन्य प्रजातियों के नियोजित संरक्षण प्रजनन का समन्वय केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण कर रहा है। संरक्षित प्रजनन के लिए प्रजातियों का चुनाव मुख्य वन प्रतिपालक, वन्यजीव प्रबंधक व चिड़ियाघर निर्देशकों से सलाह करके लिया गया है। भारतीय चिड़ियाघरों में उन वन्य जीव प्रजातियों को समन्वित नियोजित संरक्षण प्रजनन में लिया गया है, जिनके जंगल में कुछ सौ/हजार (या 2500) से कम तथा चिड़ियाघरों में 100 से कम संख्या है। चुनी गई प्रजातियों के प्राकृतिक वितरण क्षेत्र के नजदीक दो से चार चिड़ियाघरों को संरक्षित प्रजनन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिये चुना गया है। हिस्सा लेने वाले चिड़ियाघरों में से एक को प्रजातियों का समन्वय चिड़ियाघर बनाया गया है, जहां गैर प्रदर्शन संरक्षण, प्रजनन केन्द्र बनाया जाएगा। समन्वित नियोजित संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के लिए चुनी गई अति संकटापन्न वन्य जीव प्रजातियों की सूची तथा समन्वय व हिस्सा लेने वाले चिड़ियाघरों की सूची अनुलग्नक-V में दी गई है। वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने भारतीय गौर के बाड़े तथा बाघ के बाड़े के निर्माण के लिए अरीनगर अन्ना जूलॉजिकल पार्क को क्रमशः 47.2 लाख रु. और 46.6 लाख रु., धब्बेदार तेंदुआ के बाड़े में सुधार के लिए असम राज्य चिड़ियाघर को 7.73 लाख रु., हुलौक गिब्बन के बाड़े के निर्माण के लिए बायलोजिकल पार्क इटानगर को 50.67 लाख रु., किंग कोबरा के संरक्षण प्रजनन के लिए पिलखुआ बायलोजिकल पार्क मंगलोर को 10 लाख रु., संगाई के लिए मणिपुर जूलॉजिकल गार्डन को 29.48 लाख रु., माउस डियर के लिए नेहरु जूलॉजिकल पार्क हैदराबाद को 18 लाख रु और भूरी जंगली मुर्गी के लिए श्री वेंकटेश्वर जूलॉजिकल पार्क को 30 लाख रु. की राशि रिलीज की है।

उचित प्रदर्शन व भविष्य की आवश्यकताओं के बीमा के रूप में कम से कम प्रत्येक लक्षित प्रजाति के कम से कम 100 उचित रूप से प्रजनित व शारीरिक, मानसिक व आनुवंशिक रूप से स्वस्थ जीव भारत के चिड़ियाघरों में होने चाहिए। भारतीय चिड़ियाघरों में वर्ष 2009-10 के दौरान संकटापन्न प्रजातियों में जन्म की सूची अनुलग्नक-VI में दी गई है।

चिड़ियाघरों द्वारा जानवरों का आदान-प्रदान/स्थानांतरण

वर्ष 2009-10 के दौरान भारतीय चिड़ियाघरों के मध्य जानवरों के 25 आदान-प्रदान प्रस्तावों व भारतीय व विदेशी चिड़ियाघरों के बीच 4 आदान-प्रदान प्रस्तावों को प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया, अनुमोदित आदान-प्रदान प्रस्तावों की सूची नीचे दी गई है :-

(क) भारतीय चिड़ियाघरों के बीच जानवरों का आदान-प्रदान (2009-10)

चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम		चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम	
प0 जी.वी. पंत हाई एल्टीट्यूड जू, नैनीताल		**हिमालयन नेचर पार्क, कुफरी**	
		चीयर फिजेंट	2.2
नेहरू प्राणी उद्यान, हैदराबाद		**नंदनकानन जैविक उद्यान, भुवनेश्वर**	
माउस डिअर	0:1:0	माउस डिअर	1:0:0
कालीज़ फिजेंट	1:1:0	हॉग डिअर	1:0:0
फ्लाईंग फॉक्स	1:1:0	बार्किंग डिअर	1:0:0
रंगीन बगुला	2:2:0	घड़ियाल	0:0:2
		ओपन बिल स्टार्क	0:0:4
अरीनगर अन्ना प्राणी उद्यान वंडलुर		**संजय गांधी राष्ट्रीय पार्क, बोरीवली**	
सिंह (हाइब्रीड)	1:1:0	भूरी धब्बेदार बिल्ली	1:1:0
			M0800052
			M0800053
सक्करबाग चिड़ियाघर, जूनागढ़		**इंदौर नेचर पार्क, गांधीनगर**	
बंगाल टाइगर	1:1:0	वाक बगुला	2:2:0
तेंदुआ	1:1:0		
काला हिरण (सफेद)	2:2:0		
मयूर (सफेद)	2:2:0		
लखनऊ चिड़ियाघर, लखनऊ		**सक्करबाग चिड़ियाघर, जूनागढ़**	
भारतीय भेड़िया	0:0:2	भारतीय भेड़िया	0:1:0
		सारस क्रेन	1:1:0
बोंडला चिड़ियाघर बोंडला		**नेहरू प्राणी उद्यान, हैदराबाद**	
गौर	1:1		
हरियाणा में चिड़ियाघर		**बैनरघट्टा जैविक उद्यान, बंगलौर**	
		बाघ	2:2:0
अरीनगर अन्ना प्राणी उद्यान		**श्री चामराजेन्द्रा प्राणी उद्यान, मैसूर**	
जंगली कुत्ता	1:1	लाल जंगली मुर्गी	2:3
नेहरू प्राणी उद्यान, हैदराबाद		**बोंडला चिड़ियाघर, बोंडला, गोवा**	

चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम		चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम	
स्लाथ भालू	1:1	भारतीय गौर	1:1
मैत्री बाग चिड़ियाघर, भिलाई		**महाराज बाग चिड़ियाघर, नागपुर**	
सांभर	2:3	तेंदुआ	1:1
महरूरी कस्तूरी मृग फार्म, धरमनगर, बागेश्वर		**पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान दार्जिलिंग**	
कस्तूरी मृग	0:1		
सिपाहीजला चिड़ियाघर, सिपाहीजला		**संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना**	
पिगटेल्ड मकाउ	1:1	एक सींग वाला गेंडा	0:1
धब्बेदार तेंदुआ	1:1		
स्पेक्टेकल लंगूर	1:1		
टाटा स्टील प्राणी उद्यान, जमशेदपुर		**असम राज्य चिड़ियाघर, गुवाहाटी**	
लाल जंगली मुर्गी	2:2	बंगाल टाइगर	1:0
श्री चामराजेन्द्र प्राणी उद्यान, मैसूर		**टाइगर एंड लॉयन सफारी, सिमोगा**	
हिमालयन काला भालू	1:1		
जंगली बिल्ली	1:1		
जयपुर चिड़ियाघर, जयपुर		**सक्करबाग चिड़ियाघर, जूनागढ़**	
भारतीय भेड़िया	1:0	भारतीय भेड़िया	1:0
सिपाहीजला प्राणी उद्यान, अगरतला		**प्राणी उद्यान, इटानगर**	
धब्बेदार तेंदुआ	1:1	धब्बेदार तेंदुआ	2:0
पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान दार्जिलिंग		**जूलॉजिकल गार्डेन, अलीपुर**	
		भारतीय बाघ	1:0
राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, दिल्ली		**गांधी प्राणी उद्यान, ग्वालियर**	
सफेद बाघ	0: 1	चिंकारा	2:2
लखनऊ प्राणी उद्यान, लखनऊ		**मैत्री बाग चिड़ियाघर, भिलाई**	
तेंदुआ	2:2		
राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, दिल्ली		**कन्नन पेंडारी चिड़ियाघर, बिलासपुर**	
काला हिरण	10:10	रॉक पायथन	1:1
बार्किंग डिअर	1:1	इंडियन कोबरा	1:1
राजकोट चिड़ियाघर, राजकोट		**सायाजी बाग चिड़ियाघर, बदोदरा**	

चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम		चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम	
		भारतीय बाघ	0:2
श्री वेंकटेश्वर प्राणी उद्यान, तिरूपति		**अरीनगर अन्ना प्राणी उद्यान, वंडलपुर**	
चौसिंगा	1: 1	बार्किंग डिअर	1: 2
		लकड़बग्घा	0: 1
राजकोट चिड़ियाघर, राजकोट		**सक्करबाग चिड़ियाघर, जूनागढ़**	
शेर-शावक	2:1		
जयपुर चिड़ियाघर, जयपुर		**राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, दिल्ली**	
स्लाथ भालू	1:0	स्लाथ भालू	0: 1
राजकोट चिड़ियाघर, देने वाला राजकोट		**सूरत चिड़ियाघर, देने वाला सूरत**	
		काला हिरण	2:2

(ख) **भारतीय व विदेशी चिड़ियाघरों के बीच जानवरों का आदान-प्रदान (2009-10)**

चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम		चिड़ियाघर व दिए जाने वाले जानवरों के नाम	
श्री चामराजेन्द्रा प्राणी उद्यान, मैसूर		**लिपजिग चिड़ियाघर, लिपजिग**	
भारतीय हाथी (एलीफस मैक्सिमस)	0:2	अफ्रीकन चीता (एकिओनिक्स जुबेटस)	2:2
श्री चामराजेन्द्रा प्राणी उद्यान, मैसूर		**लिपजिग चिड़ियाघर, लिपजिग**	
भारतीय हाथी (एलीफस मैक्सिमस)	0:2	अफ्रीकन चीता (एकिओनिक्स जुबेटस)	2:2
मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट, ममल्लापुरम		**प्रोटिविन क्रोकोडाइल जू, चेक गणराज्य**	
गैवियालिस गैंगेटिकस	1:1:5	मैलेनॉसुकस वाइजर	1:1:0
क्रोकोडाइलस पैलसट्रिस	1:1:0	क्रोकोडाइलस रोम्बाइफर	0:0:5
क्रोकोडाइलस मोरीलेटी	0:0:6	पैलिओस्कस ट्राइगोनेटस	1:1:0
कचुगा कचुगा	1:1:6	कैमन लैटिरोस्ट्रिस	1:1:0
		इनेक्टस म्यूरिनस	1:1:0
		इनेक्टस नोटियस	0:0:3
पैराडाइज वाइल्ड लाइफ पार्क, यू.के.		**पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान दार्जिलिंग**	
सेटायर ट्रैगोपन	2:2:0		
टेम्मिनिक ट्रेगोपन	4:4:0		

स्टड बुक का रख-रखाव

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने उन 44 प्रजातियों, जिन्हें संरक्षित प्रजनन कार्यक्रम के अंतर्गत लिया गया है की राष्ट्रीय स्टड बुक/एनीमल प्रोफाइल को भी संकलित किया है। भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून ने भारतीय चिड़ियाघरों में रखे गये 44 चिन्हित वन्य जीव प्रजातियों में से 14 प्रजातियों की राष्ट्रीय स्टड बुक को बनाने व अद्यतन करने का कार्य आरंभ कर दिया है (अनुलग्नक-VII)। सभी अपेक्षित प्रजातियों की 31 मार्च, 2009 तक की राष्ट्रीय स्टड बुक/प्रोफाइल में प्रकाशित की जायेगी। संकलित डाटा व कार्यक्रम के अंतर्गत स्टड बुक को भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून व केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी डाला जाएगा।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने भारत के सभी मुख्य चिड़ियाघरों (57) व संबंधित संगठनों (4) को 1 जनवरी, 2009 से इंटरनेशनल स्पेसिज इनफोरमेशन सिस्टम/जूलोजिकल इनफोरमेशन सिस्टम (आईएसआईएस/जैडआईएमएस) के सदस्यता के लिए प्रायोजित किया है। प्राधिकरण अगले 5 वर्षों के लिए सभी चिड़ियाघरों व संगठनों की सदस्यता शुल्क व प्रशिक्षण व्यय का भुगतान करेगा। कार्यक्रम के तहत चिड़ियाघरों ने आईएसआईएस (आइसिस) व केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के साथ डाटा का आदान-प्रदान पहले ही आरंभ कर दिया है। इंटरनेशनल स्पेशिज इनफोरमेशन सिस्टम (आइसिस) ने सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को आइसिस बोर्ड के ट्रस्टी के रूप में भी स्वीकार कर लिया है।

चिड़ियाघरों में योजनाएं/विषयवस्तु

यदि चिड़ियाघर का विकास व प्रबंधन केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित मास्टर प्लान के अनुसार किया जाता है तो भारत में चिड़ियाघर का विकास व प्रबंधन को वाणिकी/वन्य जीव संरक्षण गतिविधि माना जायेगा। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने मान्यता प्राप्त चिड़ियाघरों को भविष्य में विकास के लिए विस्तृत दीर्घावधि मास्टर प्लान बनाने हेतु कॉनसेप्ट प्लान को अंतिम रूप देने में भी सहायता प्रदान की। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा संबंधित राज्य वन्यजीव विभागों और प्रत्येक चिड़ियाघर के संचालकों के साथ चिड़ियाघरों के कानसेप्ट प्लान को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न राज्यों में 20 सुविधा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, चिड़ियाघरों के मास्टर प्लान को तैयार करने में मदद करने हेतु कन्सलटेंट या विशेषज्ञ रखने के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हुआ है। मास्टर प्लान बनाने हेतु बृहत चिड़ियाघरों को 4 लाख रु., मध्यम चिड़ियाघरों को 3 लाख रु., लघु चिड़ियाघरों को 2 लाख रु. व अतिलघु चिड़ियाघरों/डियर पार्क/पुर्नवास केन्द्रों को 1 लाख रु. उपलब्ध करवाया जा रहा है। केन्द्रीय चिड़ियाघर ने, मास्टर प्लान बनाने हेतु जिन चिड़ियाघरों से अनुरोध प्राप्त किए हैं, मान्य राशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में और ले-आउट प्लान की मंजूरी के बाद 30% भुगतान किया है तथा शेष 30% राशि समग्र रूप में मास्टर प्लान की मंजूरी के बाद रिलीज की जाएगी। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को 2009-10 में चिड़ियाघरों से 126 विस्तृत मास्टर प्लान मिले हैं (अनुलग्नक-VIII), जिन्हें

अनुमोदन हेतु विश्लेषण किया जा रहा है। अब तक चिड़ियाघरों के 34 मास्टर प्लानों को अनुमोदित किया गया है (अनुलग्नक-IX) ।

मानव संसाधन विकास

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (के० चि० प्रा०) ने 6-8 नवम्बर, 2009 तक पद्मजा नायडू हिमालयन प्रणाली उद्यान, दार्जिलिंग में हिम तेंदुए के संरक्षण प्रजनन पर एक कार्यशाला को प्रायोजित किया है और वित्तीय सहायता के रूप में 5 लाख रु. उपलब्ध कराए हैं। विभिन्न चिड़ियाघरों और संस्थानों से 20 से अधिक सहभागियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया और हिम तेंदुआ संरक्षण संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने चिड़ियाघरों में काम करने वाले रखवालों के लिए क्षेत्रीय स्तर पर"चिड़ियाघरों में सरीसृपों का प्रबंधन" संबंधी विषय पर 2 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एमसीबीटी महाबलीपुरम, लखनऊ प्राणी उद्यान लखनऊ, राजीव गांधी प्राणी उद्यान, पुणे और असम राज्य चिड़ियाघर, गुवाहाटी में से प्रत्येक को 3.2 लाख रु. की वित्तीय सहायता दी है।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने निम्नलिखित कार्यशाला में चिड़ियाघर कर्मियों को नामित एवं प्रायोजित किया है।

1. 26-31 नवंबर, 2009 तक राष्ट्रीय पशु कल्याण संस्थान, बल्लभगढ़ द्वारा आयोजित "इथिकल ट्रीटमेंट टू द एनिमल्स" संबंधी पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए चिड़ियाघरों से 14 पैरा मेडिकल स्टाफ आये।

2. पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान, दार्जिलिंग, मांडा चिड़ियाघर, मांडा (जम्मू), नेचर पार्क कुफरी, हाइ एल्टीट्यूड चिड़ियाघर नैनीताल और हिमालयन प्राणी उद्यान गंगटोक के निदेशकों ने 9-13 दिसंबर, 2009 तक श्रीनगर में आयोजित" हांगुल और अन्य संकटापन्न हिरण प्रजातियों के संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" में हिस्सा लिया।

3. अरीगनार अन्ना प्राणी उद्यान वंडालौर, मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट, चैन्नई स्नेक पार्क, तिरूवनंतपुरम प्राणी उद्यान और त्रिशूर चिड़ियाघर के पशु चिकित्सकों ने 3-5 फरवरी, 2010 को चैन्नई में संपन्न" वन्य जीव संरक्षण, स्वास्थ्य एवं रोग तथा प्रबंधन-ए पोस्ट मिलेनियम एप्रोच" संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने ड्यूरेल वाइल्ड लाइफ कंजरवेशन ट्रस्ट, जर्सी, यू.के. द्वारा 20.7.2009 से 7.8.2009 तक आयोजित संकटापन्न प्रजाति पुनःस्थापन पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए श्री राहुल भटनागर, उप मुख्य वन्यजीव वार्डन, वार्डन उदयपुर और उदयपुर चिड़ियाघर के प्रभारी तथा डॉ0 अतुल गुप्ता, पशु-चिकित्सक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल चिड़ियाघर को भेजा।

Fig. 1 : Zoo Keepers training programme at Assam State Zoo, Guwahati

Fig. 2 : Zoo Keepers training programme at Rajiv Gandhi Zoological Park, Pune

शोध

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने चिड़ियाघर में रखे गए जीवों के लिए सजीव भोजन (कीट) का प्रबंध करने की दृष्टि से प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए श्री चामराजेन्द्र प्राणी उद्यान, मैसूर को 2 वर्ष की अवधि के लिए 2.0 लाख रु. के अनुदान के साथ लघु अनुदान शोध परियोजना का कार्य सौंपा है।

चिड़ियाघर में हिम तेंदुआ के संरक्षण प्रजनन के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने पद्मजानायडू हिमालयन प्राणी उद्यान को 2 वर्ष की अवधि के लिए 3.52 लाख रु. के अनुदान के साथ हिम तेंदुआ के लिए एक शोध परियोजना का कार्य सौंपा था।

निम्नलिखित शोध परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं और संबंधित चिड़ियाघरों/संस्थानों ने केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को अंतिम रूप प्रस्तुत कर दी है।

1. कानपुर प्राणी उद्यान द्वारा" भारतीय चिड़ियाघरों के लिए मॉडल आपदा प्रबंधन प्लान"
2. पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान, दार्जिलिंग द्वारा" चिड़ियाघरों में रिकार्ड का रखरखाव"
3. मद्रास वेटनरी कॉलेज, चैन्नई द्वारा "पायलट स्टडी ऑन कॉमन फूट एलमेंट्स इन कैप्टिव एशियन एलीफेंट ऑफ तमिलनाडु"
4. राजीव गांधी प्राणी उद्यान, पुणे द्वारा " भारत में चिड़ियाघरों और उद्यानों में सरीसृपों के रखरखाव के लिए दिशा-निर्देश बनाना"
5. पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान, दार्जिलिंग द्वारा" हिमालयन काला हिरण के संरक्षण प्रजनन के लिए व्यवहारात्मक अध्ययन"
6. इंडियन वेटनरी रिसर्च वीआरआई, बरेली द्वारा" भारतीय चिड़ियाघरों में जंगली जीवों के रोग निदान और चिकित्सा संबंधी मानक, दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल"

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा वित्तपोषित चिड़ियाघरों में चल रही शोध परियोजनाओं की सूची अनुलग्नक- X में दी गई है।

चिड़ियाघरों में सुधार

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के चिड़ियाघर डिजाइनिंग संबंधी विशेषज्ञ समूह की वर्ष के दौरान 6 बैठकें हुई थीं। विशेषज्ञ समूह की 8वीं बैठक (वर्ष के दौरान पहली बैठक) 29 अप्रैल, 2009 को हुई थी, जिसमें किसी भी प्रस्ताव को अनुमोदित नहीं किया गया था। कोझीकोड जिला, केरल के पेरुवन्नामुझी में पुनर्वास केन्द्र बनाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की गई थी और इसी बैठक में दिए गए सुझावों के अनुसार सदस्यों ने संशोधित प्लान प्रस्तुत करने की इच्छा जाहिर की थी।

चिड़ियाघर डिजाइनिंग संबंधी विशेषज्ञ समूह की 9वीं बैठक 6-7 अप्रैल, 2009 को संपन्न हुई थी और समिति द्वारा दिए गए सुझावों का अनुपालन करते हुए बाड़ों (संख्या 2) की डिजाइन अनुमोदित की गई थी तथा 13 चिड़ियाघरों के मास्टर ले-आउट प्लान को अनुमोदित करने की सिफारिश की गई थी।

10वीं बैठक 4 नवंबर, 2009 को संपन्न हुई थी और समिति द्वारा दिए गए सुझावों का अनुपालन करते हुए बाड़ों (संख्या 6) की डिजाइन अनुमोदित की गई थी तथा 9 चिड़ियाघरों के मास्टर ले-आउट प्लान को अनुमोदित करने की सिफारिश की गई थी।

11वीं बैठक 23 दिसंबर, 2009 को संपन्न हुई थी और बाड़ों (संख्या 3) की डिजाइन अनुमोदित की गई तथा झरकली, प0 बंगाल में सैटेलाइट सुविधा को अनुमोदित करने की सिफारिश की गई थी जिसका उद्देश्य मौजूदा प्राणी उद्यान, अलीपुर की भीड़-भाड़ को हटाना था ताकि अलीपुर के मास्टर प्लान में इसे समाविष्ट किया जा सके।

12वीं बैठक 12 जनवरी, 2010 को संपन्न हुई थी तथा समिति द्वारा दिए गए सुझावों का अनुपालन करते हुए बाड़ों (संख्या 4) की डिजाइन अनुमोदित की गई तथा एक चिड़ियाघर के मास्टर ले-आउट प्लान को अनुमोदित करने की सिफारिश की गई। मुकंदपुर, जिला सतना, म0प्र0 में एक नया चिड़ियाघर और पुनर्वास केन्द्र बनाने के मास्टर प्लान के अनुमोदन हेतु सिफारिश की गई थी बशर्ते केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण यह निर्णय करे कि मध्य प्रदेश के इस क्षेत्र में नए चिड़ियाघर को अनुमति दी जाए। इसी बैठक के दौरान, यह निर्णय लिया गया था कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण चिड़ियाघर डिजाइनिंग की विशेषज्ञ समूह की बैठक में सदस्यों के समक्ष मास्टर प्लान पर चर्चा करने के लिए चिड़ियाघरों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करेगा।

विशेषज्ञ समूह की 13वीं बैठक 23 फरवरी, 2010 में संपन्न हुई थी; गोरेवाड़ा, नागपुर, महाराष्ट्र में संरक्षण केन्द्र और नया गोरेवाड़ा चिड़ियाघर बनाने संबंधी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की सदस्यों द्वारा जांच की गई थी। सदस्यों ने यह महसूस किया कि भारतीय उप-महाद्वीप के अलावा पूरे विश्व की फूल और वनस्पति के साथ, जो काफी महत्वपूर्ण प्रतीत होती हैं, नाइटसफारी सहित अनेक बड़े चिड़ियाघर मास्टर प्लान में यह निर्णय करे कि क्या राज्य सरकार प्लान को सहायता प्रदान करने के लिए बजटीय जरूरतों को पूरा कर पाएगी।

समिति ने अनेक अन्य सुझाव दिए और संशोधित प्रस्ताव की मांग की। समिति ने तिरूपति चिड़ियाघर के रात्रिक आवास की डिजाइन को अनुमोदित किया और समिति द्वारा दिए गए सुझावों के अनुपालन के अध्यधीन 5 अन्य चिड़ियाघरों के संशोधित मास्टर ले-आउट प्लान को अनुमोदित किए जाने की सिफारिश की। चिड़ियाघरों के दो नए मास्टर ले-आउट प्लानों को भी अनुमोदित किए जाने की सिफारिश की गई थी।

समिति ने चिड़ियाघरों के सुधार हेतु 1000.10 लाख रु. की वित्तीय सहायता अनुमोदित की। सर्कसों से छुड़ाये गये शेर व बाघों के पुनर्वास हेतु बनाये गये 7 पुनर्वास केन्द्रों को उनके रख-रखाव व जानवरों के भोजन व दवाई आदि के लिए 430.52 लाख रु. दिये गये। विभिन्न चिड़ियाघरों व अन्य संगठनों को 2009-10 के दौरान निर्गत की गई अनुदानों का ब्यौरा अनुलग्नक- XI में दिया गया है।

प्रशासनिक मामले

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की स्थापना में 16 नियमित/निविदा वैज्ञानिक/प्रशासनिक कर्मी हैं जो सदस्य सचिव को उनके कर्त्तव्यों के निर्वहन में सहायता करते हैं। डॉ0 बी.आर. शर्मा ने सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के रूप में अपना कार्यकाल 1 सितंबर, 2009 को पूरा किया और डॉ0 राजेश गोपाल, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सदस्य सचिव ने 2 सितंबर, 2009 से 31 दिसंबर, 2009 तक केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार संभाला। श्री बी.एस. बोनल, आईएफएस (असम-मेघालय कैडर) ने 1 जनवरी, 2010 से सदस्य सचिव के रूप में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण का कार्यभार संभाला। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की कार्यालय की स्थापना से संबंधित स्थिति और पदों के नाम निम्नानुसार हैं :

क्र0सं0	पद का नाम	पदाधिकारी का नाम	वेतनमान रुपयों में
स्थायी आधार पर			
1.	सदस्य सचिव	डॉ0 बी.आर. शर्मा (1.9.09 तक) डॉ0 राजेश गोपाल (2.9.09 से 31.12.09) श्री बी.एस. बोनाल (1.1.2010 से)	37,400-67,00 (ग्रेड पे 10,000 रु.)
2.	वित्त अधिकारी	श्री पी.सी.एस. नेगी	15,600-39,100 (ग्रेड पे 5,400 रु.)
3.	निजी सचिव	सुश्री सीमा बुरेजा	9300-34,800 (ग्रेड पे 4600 रु.)
4.	लेखाकार	श्री आर.एस. रावत	9300-34,800 (ग्रेड पे 4200 रु.)
5.	डाटा प्रोसेसिंग सहायक	श्री विवेक गोयल	9300-34,800 (ग्रेड पे 4,200)
6.	निजी सहायक	श्रीमती नीति गुलाटी	9300-34,800 (ग्रेड पे 4,200 रु.)
7.	उच्च श्रेणी लिपिक	श्री सुरेश शर्मा	5,200-20,200 (ग्रेड पे 2,400 रु.)
8.	निम्न श्रेणी लिपिक	श्री ठाकुर दास	5,200-20,200 (ग्रेड पे 1,900 रु.)
9.	स्टाफ कार ड्राइवर	श्री हरिसिंह भण्डारी	5,200-20,200 (ग्रेड पे 1,800 रु.)
10.	चपरासी	श्री पी.के. झा	5,200-20,200 (ग्रेड पे 1,800 रु.)
11.	चपरासी	श्री गोपाल स्वामी	4,440-7,440 (ग्रेड पे 1,300 रु.)

क्र0सं0	पद का नाम	पदाधिकारी का नाम	वेतनमान रुपयों में
आउटसोर्स आधार पर			
12.	निगरानी एवं मूल्यांकन अधिकारी	डॉ0 बृज किशोर गुप्ता	34,100 रु.
13.	वैज्ञानिक अधिकारी	डॉ0 नईम अख्तर	28,600 रु.
14.	लेखाकार	एस.एन. धौलाखंडी (3.9.2009 से)	13,500 रु.
15.	कार्यालय सहायक	सुश्री मधुबाला	13,200 रु.
16.	कार्यालय सहायक	सुश्री नीता अटल	12,100 रु.
17.	सफाई कर्मचारी	श्रीमती राधा	4950 रु.

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने सेंट्रल जू आथॅरिटी टू एजुकेशनल इंडिया लिमि0 (EdCIL) नोएडा-योजना का स्वतंत्र मूल्यांकन का कार्य सौंपने में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार के वन्यजीव विंग की सहायता की है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट मिली है जिन्होंने स्थायी आधार पर केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण में और अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने की पुरजोर सिफारिश की है ताकि वे प्रभावी ढंग से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

वित्तीय मामले

वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1750.00 लाख रु. का सहायता अनुदान प्राप्त हुआ। इस राशि में से वर्ष के दौरान कुल 1525.67 लाख रु. विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के चिड़ियाघरों एवं अन्य संगठनों को सहायता अनुदान के रूप में दिए गए हैं।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को चिड़ियाघरों के सुधार हेतु पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से सीमित सहायता अनुदान प्राप्त होता है। 27.1.2009 को आयोजित केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की 22वीं बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण केवल उन्हीं जानवरों के आवास में सुधार हेतु जो पहले से ही चिड़ियाघर में हैं व बुरे आवासों के कारण परेशान है, व क्षेत्र की चिन्हित संकटापन्न वन्य जीव प्रजातियों व पशु चिकित्सीय सुविधाओं (अन्य संरचना सहित) में सुधार हेतु वित्तीय सहायता देगा। पुनर्वासित/आधिक्य वन्य जीवों के लिए गैर-प्रदर्शन आवास सुविधा हेतु भी केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार धनराशि देगा। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण समन्वित नियोजित संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत चिन्हित अति संकटापन्न वन्य जीव प्रजातियों के लिए समन्वय करने वाले चिड़ियाघरों को गैर प्रदर्शन प्रजनन

केन्द्रों को बनाने व रख रखाव के लिए धनराशि देगा।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने वर्ष 2009 के लिए चिड़ियाघरों में रिकार्डों के बेहतर रख-रखाव के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रजाति आसूचना प्रणाली के एआरकेएस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने के लिए 24 चिड़ियाघरों और 4 संस्थाओं को प्रायोजित किया है।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के वर्ष 2009-10 के लेखाओं को संकलित कर लिया गया है। आंतरिक लेखा परीक्षा केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के वित्त अधिकारी द्वारा कर ली गई है व केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के लेखों की अंतिम लेखा परीक्षा प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा, वैज्ञानिक लेखा परीक्षा विभाग, जो कि भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के अधीन है, के द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षा के (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा शर्तों) अधिनियम 1971 एवं वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के खंड 38 ई (5) व (6) के अधीन की गई। वर्ष 2009-10 के लेखाओं की प्रतिलिपि जिसमें प्राप्ति व भुगतान लेखे आय व व्यय लेखे व 31 मार्च, 2010 के तुलन पत्र दिये गये हैं, अनुसूचियों के साथ अनुलग्नक-XII में दी गई है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के कामकाज पर की गई टिप्पणी अनुलग्नक-XIII में दी गई है।

वर्ष के दौरान किए गए अन्य क्रियाकलाप

पुनर्वास केन्द्र :

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने सर्कसों से पुनर्वास किये गये शेरों, बाघों, चीतों, भालुओं व बन्दरों के लिए बने बंगलौर, चेन्नई, तिरूपति, विशाखापतनम, भोपाल, जयपुर व दक्षिण खैराबरी (पश्चिम बंगाल) में बने सात पुनर्वास केन्द्रों को रखरखाव (भोजन व दवाई मिलाकर) के लिये 430.52 लाख रु. उपलब्ध करवाये।

कुछेक चिड़ियाघरों में हाथियों के असंतोषप्रद रखरखाव को देखते हुए, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने भारतीय चिड़ियाघरों में हाथियों के रखरखाव पर एक एडवाइजरी जारी की थी। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि चिड़ियाघरों में रखे गए सभी हाथियों का राष्ट्रीय पार्क/अभयारण्य/बाघ संरक्षण में वन विभाग के पास उपलब्ध हाथी शिविरों/पुनर्वास शिविरों/सुविधाओं में पुनर्वास किया जाए ताकि विभाग उनका उपयोग कर सके। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर इस संबंध में हाथियों की ढुलाई की लागत वहन करेगा।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जूज एण्ड एक्वेरियम (वाजा) का 1993 से संबद्ध सदस्य रहा है व वर्ष 2008 के दौरान वाजा सेक्रिटेरियट को 93873/- रु. (सी.एच.एफ. 2500) का सालाना सदस्यता शुल्क दिया गया है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने आइयूसीएन (आईयूसीएन) के स्पेशिज सरवाईकल कमीशन के कन्जर्वेशन ब्रीडिंग स्पेशलिस्ट ग्रुप को जिसकी कन्जर्वेशन ब्रीडिंग स्पेशलिस्ट ग्रुप को जिसकी कन्जर्वेशन कौंसिल का प्राधिकरण प्रोटेक्टर सदस्य है, को 1000 अमेरिकी डालर का योगदान दिया।

अनुलग्नक-I

रजिस्ट्री सं० डी० एल०–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (i)
PART-II - Section 3 - Sub- section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 643] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 11, 2009/कार्तिक 20, 1931
No. 643] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 11, 2009/KARTIKA 20, 1931

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली...10 नवम्बर , 2009

सा.का.नि. 807(अ) केन्द्रीय सरकार, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) की धारा 63 की उपधारा (1) के खंड (च) और खंड (छ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और चिड़ियाघर मान्यता नियम 1992 का अधिक्रमण करते हुए, उन बातों के सिवाए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण के पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है,

अर्थात् :--

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम चिड़ियाघर मान्यता नियम, 2009 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं

इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों :

(क) "अधिनियम" से वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) अभिप्रेत है ;

(ख) "केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 38क के अधीन गठित केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण अभिप्रेत है ;

(ग) "प्रजनन संरक्षण केन्द्र" से वन्य जीव की संकटग्रस्त प्रजाति के प्रजनन संरक्षण संबंधी योजना को विशेष रूप से समर्पित प्रसुविधा अभिप्रेत है ;

(घ) "बाड़ा" से चिड़ियाघर के पशुओं के लिए उपलब्ध किया गया कोई आवास अभिप्रेत है ;

(ङ) "बाड़ा अवरोध" से किसी पशु को बाड़े के भीतर रोकने के लिए बनाया गया अवरोध अभिप्रेत है ;

(च) "संकटग्रस्त प्रजाति" से अधिनियम की अनुसूची I और अनुसूची II में सम्मिलित प्रजातियां अभिप्रेत है ;

(छ) "गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजाति" से ऐसी संकटग्रस्त प्रजाति अभिप्रेत है जिनकी देश के सभी चिड़ियाघरों में एक साथ कुल संख्या 200 से अधिक नहीं रखी हुई है ;

(ज) "प्ररूप" से इन नियमों में संलग्न कोई प्रारूप अभिप्रेत है ;

(झ) "तमाशाई कार्य" से कोई ऐसा प्रयास अभिप्रेत है जिसके द्वारा सरकस के करतब दिखाने सहित अस्वाभाविक कार्य करने के लिए पशु को बाध्य किया जाता है ;

(ञ) "बचाव केन्द्र" से अधिनियम की अनुसूचियों में विनिर्दिष्ट पशुओं की लंबी अवधि की देखभाल करने के लिए कोई स्थापन अभिप्रेत है ;

(ट) "स्टैण्ड आफ बैरियर" से वह भौतिक अवरोध अभिप्रेत है जो बाड़ा अवरोध के बाहरी किनारे से पीछे बनाया गया हो ;

(ठ) "चिड़ियाघर निदेशक" से चिड़ियाघर का भार साधक, उसे चाहे किसी नाम से अभिहित किया गया हो जो चिडियाघर के दिन प्रतिदिन प्रबंधन के लिए उत्तरदायी हो, अभिप्रेत है ;

(ड) " चिड़ियाघर संचालक" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसका चिड़ियाघर के कार्यों पर अंतिम नियंत्रण हो परंतु ;

(I) किसी फर्म अथवा व्यक्तियों के संघ की दशा में उसका कोई एक भागीदार अथवा कोई एक सदस्य; अथवा

(II) किसी कंपनी की दशा में चिड़ियाघर के कार्यों के लिए प्रभारी और कंपनी के प्रति उत्तरदायी किसी निदेशक, प्रबंधक, सचिव अथवा अन्य अधिकारी ; अथवा

(III) केन्द्रीय सरकार अथवा किसी राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के स्वामित्व में या उसके द्वारा नियंत्रित या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विधिक कोई न्यास या सोसाइटी सरकार की दशा में, यथास्थिति, उस सरकार या संघ राज्यक्षेत्र के संबद्ध विभाग के सचिव को चिड़ियाघर संचालक समझा जाएगा ।

3. मान्यता के लिए आवेदन पत्र

(1) किसी चिड़ियाघर को मान्यता देने के लिए अधिनियम की धारा 38ज के अधीन आवेदन प्ररूप "I" में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को किया जाएगा ।

(2) किसी नए चिड़ियाघर की स्थापना के लिए अधिनियम की धारा 38ज की उपधारा (1क) के अधीन केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने के लिए कोई आवेदन, ब्यौरेवार प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ प्ररूप क में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को किया जाएगा ।

4. आवेदन के लिए शुल्क

नियम 3 के अधीन प्रत्येक आवेदन के लिए दस हजार रुपए की फीस का संदाय डिमांड ड्राफ्ट अथवा पोस्टल आर्डर के माध्यम से "केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली" के पक्ष में किया जाएगा

5. आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज और उसमें दिए जाने वाले बयौरे

नियम 3 के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ नियम 4 के अधीन विनिर्दिष्ट फीस संलग्न की जाएगी और प्ररूप 'I' में विनिर्दिष्ट मामलों के बारे में दस्तावेज और विवरण भी अंतर्विष्ट किए जाएंगे ।

6. पूछ-ताछ करने और जानकारी मंगाने की शक्तियां

अधिनियम की धारा 38ज के अधीन चिड़ियाघर को मान्यता देने से पूर्व केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ऐसी पूछताछ कर सकेगा और आवेदक से ऐसी अतिरिक्त जानकारी देने की मांग कर सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. **मान्यता का स्वरूप**--(1) केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, चिड़ियाघर में पर्याप्त प्रसुविधा और मानकों के संबंध में समाधान होने पर ऐसे चिड़ियाघर को मान्यता दे सकेगा ।

(2) किसी चिड़ियाघर को दी गई मान्यता निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी, अर्थात्

(क) जब तक स्थाई आधार पर मान्यता प्रदान नहीं की जाती है तब तक मान्यता एक वर्ष से अन्यून की ऐसी अवधि के लिए होगी जैसी मान्यता में विनिर्दिष्ट की जाए ।

(ख) चिड़ियाघर ऐसे मानकों और मानदंडों के अनुपालन करेगा जो अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के द्वारा या उनके अधीन विनिर्दिष्ट या अधिरोपित किए गए हैं या किए जाएं ; और

(ग) चिड़ियाघर समय-समय पर चिड़ियाघर की देखभाल और रखरखाव के उद्देश्य के लिए केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए निदेशों और मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन करेगा ।

8. **मान्यता का नवीकरण**---(1) इन नियमों के अधीन मान्यता प्राप्त कोई चिड़ियाघर, मान्यता की अवधि समाप्त होने से तीन मास पूर्व प्ररूप 'I' में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को आवेदन भेजेगा ।

(2) नियम 3, नियम 4, नियम 5, नियम 6, और नियम 7 के उपबंध, मान्यता के नवीकरण के संबंध में उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार मान्यता देने के संबंध में लागू होते हैं सिवाय इसके कि मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन के संबंध में संदेय फीस पांच हजार रुपए देने होंगे।

9. **चिड़ियाघरों का वर्गीकरण**---(1) चिड़ियाघरों की मान्यता के लिए मानकों और मानदंडो के निर्धारण और चिड़ियाघरों के कार्यों की निगरानी और मूल्यांकन के लिए, चिड़ियाघरों को उनके क्षेत्र, दर्शकों की संख्या, प्रजातियों और पशुओं संख्या, संकटग्रस्त प्रजातियों और उनके संग्रहण में संकटग्रस्त प्रजातियों के पशुओं की संख्या को ध्यान में रखा जाएगा और चिड़ियाघर को तदनुसार सारणी में विनिर्दिष्ट निम्नलिखित चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा, अर्थात् :

क्रम सं.	चिड़ियाघर की श्रेणी	श्रेणी में अर्हित होने के लिए मानदंड					
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
		चिड़ियाघर का क्षेत्रफल (है. में)	प्रतिवर्ष दर्शकों की संख्या (लाखों में)	प्रजातियों की संख्या	पशुओं की संख्या	संकटग्रस्त प्रजातियां की संख्या	संकटग्रस्त प्रजातियां के पशुओं की संख्या
1.	बड़ा	75	7.5	75	750	20	100
2.	मध्यम	35	3.5	35	350	10	50
3.	छोटे	10	1.0	10	100	3	15
4.	लघु	10 से कम	1.00 से कम	10 से कम	100 से कम	---	---

(2) चिड़ियाघर जो कि किन्ही चार पूर्वोक्त मानदंडों को (किंतु प्रजातियों और पशुओं की संख्या सहित) पूरा करता हो केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा उस रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

परंतु केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण लिखित में आदेश द्वारा, ऐसी शर्तो के यदि कोई हो, अधीन रहते हुए जो उस आदेश में पशु चिकित्सक और पर्यवेक्षी स्तर के कर्मचारिवृंद के नियोजन सहित चिड़ियाघर के क्षेत्रफल, हाउसिंग, देखरेख और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के संबंध में अधिकथित की गई हों, संकटग्रस्त प्रजातियों को रखने के लिए लघु चिड़ियाघर को अनुज्ञात कर सकेगा ।

10. मान्यता के लिए मानक और संनियम ---

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के हितों पर विचार करने तथा इस बात पर समाधान हो जाने पर कि ऐसे चिड़ियाघर द्वारा अनुसूची में विनिर्दिष्ट मानक और मानदंड तथा अन्य बातों को पूरा कर दिया गया है, चिड़ियाघर को मान्यता प्रदान करेगा :

परंतु यह कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, यदि वह उचित समझता है और लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, ऐसे चिड़ियाघर को, जिन्होंने पूर्व में काफी सुधार दर्शित किया है और जिनके पास युक्तियुक्त समय सीमा के भीतर विहित मानकों और संनियमों का अनुपालन करने का सामर्थ्य और संसाधन हैं और जो ऐसा करने के इच्छुक हैं, शर्तों यदि कोई हो, के साथ मान्यता प्रदान कर सकेगा। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप चिड़ियाघरों में गुणात्मक सुधार होगा और चिड़ियाघरों के उनकी विद्यमान स्थिति के आधार पर बंद किए जाने के कारण उद्भूत होने वाली संभारतंत्र संबंधी समस्याओं से बचा जा सकेगा ।

11. अभिलेख रखना और सूची भेजना

(1) प्रत्येक चिड़ियाघर, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्ररूप में और रीति में अपने संकलन में प्रत्येक प्रजाति के पशुओं के जन्म, प्राप्ति, मृत्यु और निपटान का अभिलेख रखेगा और प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए उपरोक्त वर्णित विवरणों के साथ प्रत्येक चिड़ियाघर में संग्रहीत पशुओं की सूची, प्ररुप II में, आगामी वर्ष की अप्रेल की 30 तारीख तक केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को सौंपेगा ।

परंतु अधिनियम की अनुसूची I और अनुसूची II में अंतवर्लित प्रजातियों के पशुओं से संबंधित विवरण के साथ शवपरीक्षा रिपार्टो के आधार पर मृत्यु के कारणों की पहचान करने वाले विवरण, उक्त त्रैमासिक के समाप्ति के 15 दिन की अवधि के भीतर प्रत्येक त्रैमासिक को केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को सौंपेगा ।

(2) प्रत्येक चिड़ियाघर, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने क्रियाकलाप और केन्द्रीय चिड़ियाघर प्रधिकरण द्वारा अनुबद्ध शर्तो के अनुपालन की एक वार्षिक रिपोर्ट वर्ष के जून की 30 तारीख तक केन्द्रीय चिड़ियाघर प्रधिकरण को सौंपेगा।

अनुसूची
(नियम 10 देखें)

1. साधारण अपेक्षाएं .....

(1) प्रत्येक चिड़ियाघर, वन्य जीवन संरक्षण और प्राकृतिक परिस्थितियों में स्वस्थ्य स्वरूप पशुओं को प्रदर्शित करके दर्शकों को विश्वसनीय संरक्षण संदेश संसूचित करने के हेतुक को बढ़ावा देने के लिए भौतिक रूप से, आनुवांशिक रूप से और व्यवहार में स्वस्थ्य पशुओं की जनसंख्या स्थापित करने और उन्हें बनाए रखने के लिए प्रयास करेगा ।

(2) प्रत्येक चिड़ियाघर, उचित भूदृश्य-निर्माण करके और समुचित प्रजातियों के पौधों को लगाकर चिड़ियाघर के भीतर एक प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराएगा जिससे कि दर्शक प्रकृति के साथ संपर्क और प्रकृति के साथ मिलकर जीने के लिए उत्प्रेरित होने में समर्थ हो सके ।

(3) प्रत्येक चिड़ियाघर, ऐसी रीति में चिड़ियाघर में दर्शकों के संचलन को विनियमित करने का प्रयास करेगा, जिससे चिड़ियाघर के पशु असम्यक् रूप से परेशान, तनावग्रस्त या उत्तेजित न हो और चिड़ियाघर को सप्ताह में कम से कम एक दिन दर्शकों के लिए बंद रखा जाएगा ।

(4) प्रत्येक चिड़ियाघर, चिड़ियाघर में दर्शकों की अविनियमित पहुंच और चिड़ियाघर के पशुओं को क्षति, उनकी चोरी और परभक्षण के विरुद्ध सुरक्षोपाय के रूप में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में जारी मानकों के अनुसार चिड़ियाघर की सीमा के साथ-साथ समुचित रूप से अवरोध तैयार करेगा ।

(5) प्रत्येक चिड़ियाघर को, जो मानवीय भूदृश्य से घिरा है, दोनों ओर से भूतल से कम से कम दो मीटर ऊंची पेरीमीटर दीवार से घेरा जाएगा ।

(6) चिड़ियाघर परिसरों के भीतर किसी आवासीय कालोनी का संनिर्माण नहीं किया जाएगा ।

परंतु जहां ऐसी कालोनियां पहले से विद्यमान है, वहां उन्हें चिड़ियाघर परिसर से एक सीमा दीवार से पृथक् किया जाएगा जो भूतल से कम से कम दो मीटर ऊंची होगी। आवासीय कालोनी का प्रवेश चिड़ियाघर परिसरों के माध्यम से नहीं होगा ।

7) प्रत्येक चिड़ियाघर अपने प्रचालन को ऐसी रीति में करेगा जिससे प्राकृतिक संसाधनों पर न्यूनतम दबाव पड़े और जिससे न्यूनतम मात्रा में ठोस अपशिष्ट और बहिःस्राव उत्पन्न हो और चिड़ियाघर ऐसी रीति में जो न्यूनतम प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव डाले, बहिःस्राव और ठोस अपशिष्ट में कमी करके, उनका पुनः उपयोग करके और पुनः चक्रण करके तथा व्ययन करके प्रभावी अपशिष्ट प्रबंध व्यवहारों को स्थापित करने के लिए भी प्रयास करेगा ।

(8) प्रत्येक चिड़ियाघर, दर्शकों के समक्ष बीमार, चोटिल, निःशक्त और रस्सी से बंधे पशुओं का प्रदर्शन से विरत रहेगा और ऐसे पशुओं को समुचित देखभाल और स्वास्थ्य लाभ देने के लिए विशेष रूप से उद्धिष्ट गैर-प्रदर्शन सुविधाओं में रखा जाएगा ।

(9) प्रत्येक चिड़ियाघर, चिड़ियाघर परिसरों के भीतर घरेलू पशुओं और पालतु पशुओं को रखने से बचेगा और घरेलू गाय-भैंसों, आवारा पशुओं और पालतु पशुओं के चिड़ियाघर परिसरों में प्रवेश को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षोपाय भी स्थापित किए जाएंगे ।

2. प्रशासनिक और कर्मचारिवृंद संबंधी पैटर्न

(1) चिड़ियाघर प्रचालक, समुचित रैंक वाले किसी अधिकारी को चिड़ियाघर के 'पूर्णकालिक प्रभारी' के रूप में तैनात करेंगे जिसके पास निर्णय लेने की शक्ति होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे अधिकारी को चिड़ियाघर के पशुओं को उचित रूप से रखे जाने, देखभाल करने और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए तथा चिड़ियाघर का योजनाबद्ध रीति से प्रबंध करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन और अवसंरचनात्मक सहायता उपलब्ध कराई जाए ।

(2) प्रत्येक चिड़ियाघर प्रचालक, चिड़ियाघर के पशुओं को उचित रूप से रखे जाने, देखभाल करने और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए, नीचे सारणी में यथाविनिर्दिष्ट अनुसंधान और दर्शक शिक्षा के लिए, चिड़ियाघर के प्रभारी अधिकारी को पर्याप्त वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारिवृंद उपलब्ध कराएगा, अर्थात् :--

क्रम सं.	कर्मचारिवृंद का प्रवर्ग	बड़ा चिड़ियाघर	मध्यम चिड़ियाघर	छोटा चिड़ियाघर	लघु चिड़ियाघर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	संग्रहपाल	1	1	1	लघु चिड़ियाघर, स्थानीय रूप से उपलब्ध उपयुक्त रूप से अर्हित व्यष्टियों की सहायता प्राप्त करेंगे।
2.	पशु चिकित्सक	2	1	1	
3.	शिक्षा अधिकारी	1	1	1	
4.	जीव–विज्ञानी	1	1		

(3) उस दशा में जब वैज्ञानिक और तकनीकी पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाता है, ऐसे पदों के लिए भर्ती नियमों में उनकी पदोन्नति के लिए नमनीय अनुपूरक स्कीम के फायदे सहित कैरियर प्रगति के लिए उपबंध होगा।

3. विकास और योजना

(1) प्रत्येक चिड़ियाघर, एक मास्टर योजना तैयार करेगा और उस मास्टर योजना को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमोदित कराएगा ।

(2) ऐसे चिड़ियाघर, जो इन नियमों के प्रारंभ के समय प्रचालन कर रहे हैं, इन नियमों के प्रारंभ की तारीख से एक वर्ष के भीतर अपनी मास्टर योजना तैयार करेंगे और उस मास्टर योजना को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमोदित कराएंगे ।

(3) उप पैरा (1) और उप पैरा (2) में निर्दिष्ट मास्टर योजना में, अन्य बातों के साथ, 20 वर्ष की अवधि के लिए चिड़ियाघर के सकल विकास की योजना सम्मिलित होगी, जिसे चिड़ियाघर द्वारा अपनाई गई थीम के आधार पर तैयार की गई एक ब्यौरेवार कार्य योजना के साथ प्रत्येक दस वर्ष में पुनरीक्षित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत हरित पट्टी, लॉन, बगीचे, पशु प्रदर्शन क्षेत्र, दर्शकों के लिए प्रसुविधाओं, पशुओं की देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल के लिए समर्थनकारी अवसंरचना, प्रशासनिक और अनुरक्षण इकाई के लिए भवनों के लिए अवस्थान उपदर्शिष्टत किए जाएंगे ।

(4) चिड़ियाघर के लिए उद्दिष्ट क्षेत्र के कम से कम 30% क्षेत्र को हरित पट्टी के अधीन रखा जाएगा और प्राकृतिक वनस्पतियों तथा पशुओं के रहने का क्षेत्र, चिड़ियाघर के क्षेत्र के 30% से अधिक नहीं होगा ।

(5) प्रत्येक चिड़ियाघर, सभी पक्के भवनों, जिनके अंतर्गत चिड़ियाघर में आने वाले दर्शकों के लिए सुविधाएं भी हैं, ऐसी रीति में अवस्थित करने और डिजाइन तैयार करने में पर्याप्त सावधानी बरतेगा जिससे कि चिड़ियाघर का प्राकृतिक भू-दृश्य और पशु बाड़ों को ढका नहीं जाए और चिड़ियाघर की सफाई और स्वच्छता प्रभावित न हो ।

(6) प्रत्येक चिड़ियाघर, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के परामर्श से एक संग्रहण योजना तैयार करेगा जिसमें चिड़ियाघर में रखे जाने वाले पशुओं की प्रत्येक प्रजाति का नाम और प्रत्येक प्रजाति के पशुओं की अधिकतम संख्या को उपदर्शित किया जाएगा, और इसे प्रजातियों के साधारण स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अवस्थान की जलवायु संबंधी परिस्थितियों की अनुकूलता, प्रजातियों की उचित देखभाल तथा स्वास्थ्य के लिए स्थान और अवसंरचनात्मक समर्थन की उपलब्धता, चिड़ियाघर की प्रजातियों की प्राकृतिक आवास रेंज से निकटता और चिड़ियाघर का प्रजातियों के प्रबंध और प्रजनन में पूर्व अभिलेख को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा तथा कोई भी चिड़ियाघर अपने संग्रहण में नई प्रजातियों या प्रजातियों के अतिरिक्त पशुओं को रखने के लिए पशुओं को रखे जाने तथा उनकी देखभाल संबंधी मानकों से समझौता नहीं करेगा ।

(7) कोई भी चिड़ियाघर किसी बचाए गए पशु को तब तक स्वीकार नहीं करेगा जब तक उसने ऐसे पशु के लिए बाड़े और देखभाल प्रसुविधाओं और साथ ही करंतीन अवधि के दौरान उसे एकांत में रखने के लिए प्रसुविधाओं को समुचित रूप से तैयार न कर लिया हो ।

(8) जब कभी कोई चिड़ियाघर किसी बचाए गए पशु को अपने यहां रखने जाने के लिए स्वीकार करने का विनिश्चय करता है, ऐसे स्रोत, जिससे वह पशु प्राप्त हुआ है, इसके अर्जन की वैधता और चिड़ियाघर में पशु को रखे जाने, देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में एक ब्यौरेवार रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को भेजी जाएगी :

परंतु उस दशा में, जहां कोई बचाया गया पशु किसी संकटग्रस्त प्रजातियों से संबंधित है, वहां रिपोर्ट की एक प्रति केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को भी भेजी जाएगी ।

(9) प्रजातियों के संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के लिए संस्थापक पशुओं की संख्या में वृद्धि करने के लिए किसी विशिष्ट चिड़ियाघर में किसी पशु को भेजे जाने के संबंध में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण का विनिश्चय संबंधित चिड़ियाघर पर आबद्धकर होगा ।

4. पशु आवास, पशुओं का प्रदर्शन और पशुओं के बाड़े

(1) प्रत्येक चिड़ियाघर, पशुओं को प्रकृति को अंतर्निहित करने वाले बाडों में उपदर्शित करने का प्रयास करेगा ।

(2) प्रत्येक बाड़े के डिजाइन और आकार को प्रजाति के जैव व्यवहार और उसमें रखे जाने वाले पशुओं की संख्या को सम्यक् रूप से ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में समय-समय पर विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार अवधारित किया जाएगा ।

(3) चिड़ियाघर यह सुनिश्चित करेगा कि बाड़ा पशु, पशु की देखभाल करने वाले व्यक्तियों और दर्शकों के लिए सुरक्षित और सुनिश्चित है और उसमें पशुओं के स्वतंत्र विचरण, व्यायाम और प्राकृतिक व्यवहार की अभिव्यक्ति के लिए अपेक्षित स्थान है ।

(4) समूह या झुंड में प्रबल पशुओं से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए पशुओं को पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा ।

(5) कोई भी चिड़ियाघर किसी पशु को ऐसे बाड़े में प्रदर्शित नहीं करेगा, जो केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार नहीं है ।

(6) प्रत्येक चिड़ियाघर केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार पशुओं की प्रजाति विनिर्दिष्ट व्यवहार संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बाड़े की परिस्थितियों को अधिकाधिक अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास करेगा ।

(7) साथ लगे बाड़ों के बीच पर्याप्त ओट उपलब्ध कराई जाएगी जिससे कि पशु इन बाड़ों में रखे गए अन्य पशुओं को देखकर असम्यक् रूप से उत्तेजित या तनावग्रस्त न हो ।

(8) केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन के बिना संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए कोई नया बाड़ा संनिर्मित नहीं किया जाएगा ।

(9) प्रत्येक चिड़ियाघर, चिड़ियाघर में दर्शकों के आवागमन को विनियमित करने के लिए प्रत्येक पशु प्रदर्शन बाड़े में समुचित रूप से तैयार किए गए और प्रभावी बड़े व्यवधान ऐसी रीति में उपलब्ध कराएगा, जो दर्शकों को पशुओं के आस-पास या निकट पहुंचे बिना और उन्हें पशुओं को भौतिक रूप से स्पर्श करने या उन्हें उत्तेजित करने का अवसर दिए बिना वन्य जीवों का आबाधित दृश्य प्रस्तुत करे और प्रत्येक चिड़ियाघर ऐसे पर्याप्त सूचना-पट भी प्रदर्शित करेगा जो दर्शकों को पशुओं से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की चेतावनी दें ।

(10) प्रत्येक चिड़ियाघर प्रत्येक प्रदर्शन बाड़े में वन्य जीवन की प्रजातियों के जीव-विज्ञान व्यवहार और जनसंख्या संबंधी प्रास्थिति की सुसंगत जानकारी वाले उपयुक्त सूचना-पट उपलब्ध कराएगा :

परंतु यह कि बडे और मध्यम आकार के चिड़ियाघर, बाड़े में प्रदर्शित प्रजातियों के व्यवहार और जीव-विज्ञान को स्पष्ट करने के प्रयोजन के लिए परस्पर क्रियाशील निर्वचन प्रसुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करेंगे ।

5. पशुओं की देखरेख और स्वास्थ्य देखभाल

(1) प्रत्येक चिड़ियाघर अपने संग्रहण में सामाजिक और व्यवहार में जीवनक्षम समूहों में पशुओं को रखेगा और उनकी देखभाल करेगा । किसी भी पशु को तब तक उसके समूह से अलग नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसा करना पशु या समूह के अन्य पशुओं की सुरक्षा और कल्याण के लिए आवश्यक न हो :

परंतु यह कि इस प्रकार पृथक् किए गए पशुओं को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार रखा जाएगा ।

(2) प्रत्येक चिड़ियाघर अपने संग्रहण में रखे सभी पशुओं को समय पर ऐसी गुणवत्ता वाले खाद्य का, जो ऐसी संरचना और ऐसी मात्रा में होगा कि प्रत्येक पशु की पोषणीय और व्यवहार संबंधी अपेक्षाओं की पूर्ति हो, प्रदाय किया जाएगा और यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षोपाय किए जाएंगे कि कोई भी पशु इस आधार पर उपोषित न हो कि कोई अन्य प्रबल पशु उन्हें भोजन में उनके अंश को ग्रहण करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं और चिड़ियाघर प्रचालक चिड़ियाघर में विद्यमान सभी पशुओं को पूरा समय पेयजल का प्रदाय सुनिश्चित करेगा ।

(3) पशुओं को खाद्य के वितरण का समय, खाद्य को रखने का स्थान और खाद्य के वितरण की पद्धति को ऐसी रीति में विनियमित किया जाएगा कि पशुओं को आहार लेने संबंधी अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तियों और कौशल तथा व्यवहार को अभिव्यक्त करने के अधिकतम अवसर प्राप्त हों ।

(4) जंगली पशुओं, उन्मुक्त रूप से घूमने वाले जंगली पशुओं और मुरदारखोर पशुओं द्वारा चिड़ियाघर के पशुओं का भोजन खाने के लिए सुरक्षोपाय के रूप में प्रत्येक पशु को इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से उद्दिष्ट भोजन प्रकोष्ठों/करालों में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा और ऐसे भोजन प्रकोष्ठों और करालों को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि वे कड़ी मौसमी परिस्थितियों में और साथ ही रात्रि के दौरान सुरक्षित निवास के रूप में पशुओं के लिए आंतरिक बाडों का प्रयोजन भी सिद्ध कर सकें :

परंतु भोजन प्रकोष्ठों और कराल का आकार और डिजाइन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार होगा ।

